दैनिक जागरण
20-03-2026

कानूनी पहलुओं के प्रति किया जागरूक

अंबाला विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज, अंबाला छावनी में वीरवार को कानूनी जागरूकता सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन लीगल लिटरेसी सेल की संयोजक डा. भारती विज के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथारिटी अंबाला से पीएलवी नेहा परवीन ने स्पेशल मेडिएशन ड्राइव एवं हरियाणा कम्युनिटी मेडिएशन प्रोग्राम, यौन शोषण एवं उससे बचाव के कानूनी उपाय, घरेलू हिंसा से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा अधिनियम, एनएएलएसए टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 के माध्यम से निश्शुल्क कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान की गई।